## स्टॉल संचालकों का उत्साहवर्धन

**निम्बाहेड़ा** । नगर के सीके होटल परिसर में लिमरा ब्यूटी व सिम्मी इवेन्ट के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राखी व तीज फेस्टिवल प्रदर्शनी में रविवार को लायन्स क्लब गोल्ड पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर स्टॉल संचालकों की हौसला अफजाई की व सफल आयोजन के लिए आयोजिका सिम्मी खान को शुभकामनाएं प्रेषित की। लायन्स क्लब गोल्ड अध्यक्ष विक्रमादित्य खेरोदिया ने सफल आयोजन की बधाई देते हुवे कहा कि एक ही छत के तले इतने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर सिम्मी खान ने महिला शक्ति को बढ़ावा दिया है जिससे कई महिलाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का प्लेटफार्म मिला है। सिम्मी खान ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत अभिनंदन किया। अवलोकन के दौरान सचिव विकास मुंदडा, सत्यप्रकाश जेतलिया, कैलाश लड्ढा,मोहसिन अहमद, दीपक सगरावत, दिलीप सोनी, अभिषेक सोनी, एस. एस. अठावाल, मनोहर वासवानी उपस्थित थे।

# रोडलाइटों को करें दुरूस्त, विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ करें पूरा : कलक्टर

- ठकुरानी तीज पर नगर परिषद की ओर से आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं
- विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**राजसमन्द** । ठकुरानी तीज के उपलक्ष्य में नगर परिषद राजसमन्द की ओर से राजसमंद झील किनारे कांकरोली स्थित इरिगेशन गार्डन पर देर शाम आयोजित एक दिवसीय मेले में महिलाओं, बालिकाओं, बालकों, शिशुओं और पुरुषों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभापति अशोक टांक और आयुक्त बृजेश रॉय ने बताया कि विभिन्न वर्गों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) शिव कुमार व्यास, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद मनोहरगिरी गोस्वामी, प्रधानाध्यापक दिनेश श्रीमाली,एसआरके कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ रचना तेलंग, पार्षद भूरालाल कुमावत, राजकुमारी पालीवाल, गुलाबी भोई, कमलेश साहु थे। अंत में पार्षद राजकुमारी पालीवाल ने आभार व्यक्त किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया। संचालन सेवानिवृत्त व्याख्याता गोविंदलाल ओदिच्य ने किया। निर्णायक मंडल में मनोहर पालीवाल, पूरण शर्मा, रविंद्र शर्मा, रमेश छीपा, अंजली शर्मा, प्रियंका गोदारा,संजय गोदारा, एसआरके से प्रोफेसर डॉ उषा शर्मा, कॉलेज व्याख्याता ज्योत्सना पोखरना, व्याख्याता ताराचंद्र पुनिया, पूर्व व्याख्याता राधेश्याम शर्मा, हरीश चरनाल, एथलीट ओम व्यास और पूर्व व्याख्याता गोविंद ओदिच्य शामिल थे। स्टेयर्स जंपिंग रेस प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में कन्नव प्रथम, दक्ष कुमार पटेल द्वितीय, अभिनव प्रजापत तृतीय, (बालिका वर्ग) मं गुंजन जलानी प्रथम, निर्मला प्रजापत द्वितीय, रितिका कुंवर तृतीय। चम्मच रेस (कनिष्ठ बालिका वर्ग) में पुष्टि सनाढ्य प्रथम, बुसरा बानो द्वितीय, वेदिका शर्मा तृतीय। चम्मच रेस (कनिष्ठ बालक वर्ग) में धैर्य माहेश्वरी प्रथम, अंशुल मीणा द्वितीय, दर्शन दवे तृतीय। चम्मच रेस (वरिष्ठ बालिका वर्ग) में ईश्वरी शर्मा प्रथम, रितिका कुंवर द्वितीय, निर्मला तृतीय। चम्मच रेस (वरिष्ठ बालक वर्ग) में चिराग माली प्रथम, नेमिश ठाकुर द्वितीय, मनन आचार्य तृतीय। कुर्सी रेस (बालक वर्ग) में देवांश दवे प्रथम गौरव, भील द्वितीय, मनन आचार्य तृतीय। कुर्सी रेस (बालिका वर्ग) माया भील प्रथम, रक्तिका पूनिया द्वितीय, फरहत नगमा तृतीय। कुर्सी रेस (पुरुष वर्ग) मनोज माहेश्वरी प्रथम, मनीराम प्रजापत द्वितीय, कन्हैयालाल तृतीय। कुर्सी रेस (महिला वर्ग) किरण साहु प्रथम, राधा छापरवाल द्वितीय, निकिता सिसोदिया तृतीय। हिमांक पूनिया द्वितीय, रतिमा पूनिया तृतीय। एकल नृत्य (बालिका वर्ग) में हीरल स्वस्थ व्यंजन (लारी प्रतियोगिता) में किशन गर्जर (आइसक्रीम लारी) प्रथम, करण सिंह (देव नारायण पानी पुरी) द्वितीय, नंदलाल लौहार (भेरूनाथ रबडी गोटा) तृतीय रहें।

## स्कूल सहायक ने निकाली रैली

**प्रतापगढ़** । आज राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक जिला प्रतापगढ़ में एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें सरकार ने बजट 2024 25 में संविदा रूल्स 2022 के तहत पैटर्न में छूट देकर स्थाईकरण किया जाए राजस्थान के सभी जिलों में एक साथ या ज्ञापन दिया गया प्रतापगढ़ में जिला कलेक्टर के माध्यम से मानवीय मुख्यमंत्री जी महोदय और वित्त मंत्री दिया कुमारी जी को एक ज्ञापन दिया गया । जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह जी चुंडावत के नेतृत्व मेंअंबेडकर चौराहा से लेकर जिला कलेक्टर तक एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के सभी विद्यालय सहायक पंचायत शिक्षक साथियों ने भाग लिया और और ज्ञापन देने के पश्चात एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी जिले के जितने भी साथी गण आए हैं उनको एक आव्हान किया गया कि मानसून सत्र से पहले अगर बजट घोषणा की जो मांग है उसको लागू नहीं की जाती है तो मानसून सत्र में विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

### सार-समाचार

## लक्ष्मी मिष्ठान भंडार के नए शोरूम का शुभारंभ



**उदयपुर** । शहर की प्रसिद्ध मिठाई दुकान, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार, ने अपने नए शोरूम का लक्ष्मी वाले का शानदार उद्घाटन रविवार को किया । भव्य समारोह में मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य और प्रख्यात समाजसेवी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उद्घाटन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिक, व्यवसायी और मिठाई प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लक्ष्मी मिष्ठान भंडार दशकों से अपनी गुणवत्तापूर्ण मिठाइयों, पारंपरिक स्वाद और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उदयपुरवासियों का प्रिय रहा है। सुखलाल साहू, हरीश साहू, साहिल साहू और मानन साहू द्वारा संचालित यह प्रतिष्ठान अपनी विशिष्ट मिठाइयों जैसे पनीर, अलवर पाक, घेवर, चमचम और नमकीन के लिए जाना जाता है, जो हर आयु वर्ग के लोगों को लुभाती हैं। नए शोरूम में आधुनिक सुविधाओं, स्वच्छता और परंपरागत स्वाद का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। संचालकों ने बताया कि यह शोरूम ग्राहकों को बेहतर अनुभव और सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने उद्घाटन के दौरान लक्ष्मी मिष्ठान भंडार की गुणवत्ता और परंपरा की सराहना की और इसे उदयपुर की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, "लक्ष्मी मिष्ठान भंडार ने न केवल स्वाद, बल्कि शहर की मिठास और आतिथ्य को भी बढ़ाया है।" यह नया शोरूम निश्चित रूप से मिठाई प्रेमियों के लिए एक नया आकर्षण बनेगा और लक्ष्मी मिष्ठान भंडार की स्वादिष्ट विरासत को और आगे ले जाएगा।

## मोही में असहाय परिवार को दी राशन सामग्री और आर्थिक सहायता

**राजसमन्द,** । राडाजी बावजी अनन्य भक्त के आर्थिक सहयोग से आनंदमार्ग सेवादल सदस्यों ने समीपवर्ती मोही गांव में असहाय वृद्धा मोहनी बाई के परिवार को राशन सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था सदस्य जया खिलनानी, आनन्दमयी व कार्यकर्ता मुकेश साहू आदि सोमवार को मोही में उनके घर गए, जहां उन्होंने परिवार के लिए विभिन्न प्रकार की राशन सामग्री व राशि प्रदान कर सम्बल दिया तथा समय-समय पर यथायोग्य सहायता देने का विश्वास दिलाया।

## विद्यालय सहायकों ने किया कलेक्ट्ररी गेट पर प्रदर्शन

**राजसमन्द,** । राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ जिलाध्यक्ष राकेश पालीवाल के नेतृत्व में सोमवार को पंचायत शिक्षकों और विद्यालय सहायकों द्वारा सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ जिलास कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते हुए रोष व्यक्त कर जिला कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रवक्ता दिनेश पारीक ने बताया कि सरकार ने विगत दो वर्षो से बजट में घोषणा तो कर रहे हैं, लेकिन बजट घोषणाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए जो 2 वर्ष की छूट दी गई है, उसका विभागीय आदेश अब तक जारी नहीं हुआ है, जबकि विगत 2 बजट में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने दोनों ही बजाट में घोषणा की गई। राजसमंद ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण ने बताया कि पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक विगत 17 वर्षो से संविदा पर कार्यरत हैं और अल्प मानदेय पर अपने जीवन के अमूल्य समय को खो चुके हैं। सरकार के द्वारा समय निकालने की नीति पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार यदि जल्द ही उपयुक्त कदम नहीं उठाती है तो समस्त राजस्थान वर्ग के पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक साथी मानसून सत्र में विधानसभा का घेराव करेंगे।

# तीन रोजा उर्स की तैयारियां जोरो पर

**कपासन** । प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के 84वें तीन रोजा उर्स की तैयारिया जौरो पर कमेटियाँ गठित।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर का 84वां तीन रोजा उर्स 01 अगस्त से शुरू होकर 03 अगस्त को जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा। 84वें उर्स मे कार्य के लिए कमेटियो का गठन -: मैला ग्राऊण्ड -: अब्दुल वहीद अंसारी, मंसूर अहमद ओठवाल, हाजी शब्बीर हुसैन पुंवार, मंजूर खाँ पठान, अब्दुल रज्जाक मंसूरी, इमरान मेवाती, अख्तर हुसैन पखरवट, लंगर खाना -: नूर मोहम्मद छीपा, नदीम हुसैन शैख, मोहम्मद अकरम छीपा, उस्मान छीपा, रशीद अहमद छीपा, मोहम्मद आरिफ छीपा, मोहम्मद रियाज छीपा, मलिक अहमद छीपा, अब्दुल लतीफ मंसूरी, आवास व्यवस्था -: मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी, मोहम्मद इस्माईल अशरफी, इकबाल हुसैन भाटी, लाईट एवं टेन्ट डेकोरेशन -: असलम शैख, हाजी अब्दुल करीम पोड, हाजी अहमद नूर खाँ जाहिद पखरवट, सिक्युरिटी व्यवस्था -: अशफाक हुसैन तुर्किया, मोहम्मद इसराफील अशरफी, मोहम्मद राफे अशरफी, मोहम्मद सोहेल अशरफी, पानी व्यवस्था -: हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, हाजी शराफत भाटी, मोहम्मद हुसैन पठान, महफिल खाना व्यवस्था -: मोहम्मद अब्बास अशरफी, हाजी अब्दुल शकूर, मंसूर अहमद अशरफी, इब्राहिम टेलर, प्रचार-प्रसार व्यवस्था -: सैयद अख्तर अली बुखारी, सैयद ऐजाज अली, अकरम मंसूरी, देग व्यवस्था -: हाजी जैनुद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन असांरी, हाजी हारून पौड़, अब्दुल वहाब तुर्किया, जमील भाटी, हाजी अब्दुल करीम पुंवार, मोहम्मद रफीक कव्वाल, मोहम्मद हारून (पूर्व पार्षद), हाजी मुख्तार पखरवट, मोहम्मद यासीन सन्ना, रशीद तुर्किया, रफीक पौड़, पुछताछ कार्यालय -: हाजी शरीफ मेवाती, डॉ. तनवीर खाँ अशरफी, डॉ. जावेद अशरफी, मोहम्मद सलीम भाटी, मोहम्मद इफ्तेखार अशरफी, मोहम्मद शाहरूख अशरफी, सफाई व्यवस्था -: महबूब शाह, हाजी याकूब खाँ पठान, नईम दरगाह मुलाजिम, स्वागत कमेटी -: अनवर अहमद छीपा, हाजी मुबारिक हुसैन शैख, मोहम्मद इरफान सिलावट, वाहीद अशरफी, मोहम्मद सलीम डायर, सैयद सोहेल अली, मोहम्मद शरीफ भाटी, अन्य व्यवस्था एवं देखरेख मंसूरी।

## महादेव मंदिर पर जल अभिषेक किया

**निम्बाहेड़ा।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को चित्तौड़गढ़ जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर ने निम्बाहेड़ा उपखण्ड के कनेरा घाटा क्षेत्र स्थित गुंदारेल ग्राम में श्री महादेव मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रमुख अहीर ने भगवान श्री शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

उल्लेखनीय है कि उक्त स्थान पर वर्ष 2002 में खुदाई के दौरान भगवान श्री शिव की प्रतिमा प्राप्त हुई थी, तभी से यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ पधारते हैं तथा खुशहाली की कामना करते है। सोमवार को प्रमुख अहीर के मंदिर पर पहुंचने पर मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों की ओर से उपरना ओढाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख अहीर ने ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के आग्रह पर मंदिर क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की।

इस दौरान जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर के साथ भाजपा कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़, युवा मोर्चा महामंत्री विनोद अहीर, कोषाध्यक्ष प्रहलाद धाकड़, भूरालाल, राजू, भेरूलाल, कर्मा, पूरण, जय सिंह, राहुल कुमार, गोविंद चंदेल, पपला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सत्संग से बदलती है जीवन की तासीर : मुनिश्री युग प्रभ

**निम्बाहेड़ा।** चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत स्थानीय शांति नगर स्थित नवकार भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन संत मुनिश्री युग प्रभ मुनि जी म.सा. ने कहा कि "जब तक जीवन की तासीर नहीं बदलती, तब तक आत्मा का वास्तविक विकास संभव नहीं है।" उन्होंने कहा कि जैसे अंधकार में प्रकाश, मिठाई में मिठास, मुख में रोटी और दीप में ज्योति का महत्व होता है, वैसे ही जीवन में सत्संग का विशेष महत्व होता है। सत्संग से ही जीवन की दिशा और दशा दोनों बदलती हैं।

मुनिश्री ने संतों की संगति को जीवन के लिए श्रेयस्कर बताया और कहा कि संतों की उपस्थिति और वाणी, आत्मा के भीतर छिपे प्रकाश को उजागर करने का कार्य करती है। जीवन में परिवर्तन लाना हो, तो श्रेष्ठ संगति और सकारात्मक चिंतन की आवश्यकता होती है । श्रावक के चौथे गुण "लोकप्रियता" पर विशेष बल

मुनिश्री ने जैन श्रावक धर्म के चौथे गुण "लोकप्रियता" पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकप्रिय बनने के लिए सबसे पहले "निंदा" रूपी दुर्गुण का त्याग करना आवश्यक है। जो व्यक्ति सदैव दूसरों की निंदा करता है, वह समाज में सम्मानित और लोकप्रिय नहीं बन सकता। उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्य को भोजन से अधिक रस निंदा में आने लगा है, यही कारण है कि उसकी दृष्टि दूषित हो जाती है। जब दृष्टि दूषित होती है तो सुख भी दुःख का कारण बनता है, और यदि दृष्टि सुधर जाए तो दुःख भी जीवन में सुखद परिवर्तन ला सकता है।

मुनिश्री ने रूपक के माध्यम से समझाया कि "गुलाब के पौधे में कांटे अधिक होते हैं और फूल कम, फिर भी उसे गुलाब कहा जाता है। हीरे की खदान में पत्थर अधिक और हीरे कम होते हैं, फिर भी उसे हीरे की खान कहा जाता है। सोने की खान में मिट्टी अधिक होती है, सोना कम, फिर भी उसका मूल्य बना रहता है। इसी प्रकार मनुष्य में अवगुण अधिक हों, तो भी हमें गुणों को पहचानने का दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।"

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सदैव दूसरों की निंदा में लगा रहता है, वह गुणों को देख ही नहीं पाता और समाज में कभी प्रतिष्ठित नहीं हो सकता। लोकप्रियता प्राप्त करने का दूसरा मार्ग है निंदनीय कार्यों का परित्याग, जो व्यक्ति स्वयं अपने आचरण को शुद्ध करता है, वही समाज में सम्मान प्राप्त करता है।

मुनिश्री ने करुणा और संवेदनशीलता को जीवन का मूल तत्व बताते हुए कहा कि "जिस व्यक्ति की दृष्टि दूसरों के दुःखों पर जाती है ।

## रक्तदान शिविर

**राजसमन्द,** । समीपवर्ती मोही कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को रक्तदाता युवा वाहिनी और वेल कम ब्लड ग्रुप की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 118 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर के उद्घाटन में पूर्व उपसरपंच यादवेंद्र सिंह भाटी और पूर्व सरपंच दिग्विजय सिंह भाटी ने चिकित्सीय टीम का एकलाई पहनाकर सम्मान किया। शिविर में महाराणा भोपाल उदयपुर चिकित्सीय टीम में डॉ सुरेश कुमार लखारा, प्रतीक पाटीदार, हेमन्त पहाडिया सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।


प्रपत्र संख्या-7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर (राज.)**

**नोटिस**

पत्रावली संख्याः 98/2025/2840 दिनांक 22-07-25

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान) (समाचार पत्र में प्रकाशन)

चूकि श्री विकास चौहान, सचिव ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 (2) के अन्तर्गत श्री महर्षि कॉलेज ऑफ वैदिक एस्ट्रोलोजी, 306, अरिहन्त प्लाजा, उदियापोल, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।अत एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों, प्रस्तुत करें। ओर यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 22/7/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आगामी पेशी तारीख 24/9/25 की रखी गयी है ।

मोहर

(जतीन कुमार गांधी)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, उदयपुर


# कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन जारी

**निम्बाहेडा** । रविवार 2025 को ठेकेदार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरीश आहूजा के सानिध्य में होटल अरावली रिसोर्ट में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित संवेदक बंधुओं द्वारा पीडब्ल्यूडी, पीएचडी, समसा, नगरपरिषद, मेडिकल हेल्थ, नगर निगम, श्री सांवरिया जी मंदिर मंडल सहित अन्य सभी सरकारी विभागों के टेंडर के बहिष्कार एवं स्वेच्छिक काम बंद करने का निर्णय लिया गया।

एसोसिएशन के सागरमल धाकड ने बताया कि इसी क्रम में 28 जुलाई, सोमवार से ठेकेदार एसोसिएशन चित्तौडगढ़ द्वारा कलेक्टर कार्यालय चित्तौडगढ़ के बाहर धरना प्रदर्शन आरम्भ किया तथा 14 सूत्री मांगों के बारे में उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी के नाम एडीएम चित्तौडगढ़ को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित संवेदक बंधुओ ने निर्णय लिया कि जब तक सरकार द्वारा हमारी मांगे नहीं मानी जावेगी तब तक सभी विभागों में निर्माण कार्यों के टेंडर कार्यो को बहिष्कार जारी रहेगा तथा वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों को भी स्वैच्छिक बंद कर दिए गए हैं। ठेकेदार एसोसिएशन का चित्तौड़गढ़ कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन निरंतर जारी है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरीश आहूजा, महावीर सिंह अहीर, अमोल अठावाल, रविराज सिंह, प्रदीप मोदी, नारायण सिंह राणावत, अजीत सिंह अहीर, सागरमल धाकड, प्रहलाद आचार्य, मनोज कुमार अहीर, लक्ष्मीलाल तेली, शंभूलाल साहू, दिनेश कुमार अहीर, अशोक कुमार टांक, विक्रांत आचार्य सहित कई संवेदक बंधु उपस्थित रहे।

# कपासन के जीतिया में स्कूल की छत जर्जर

- 140 बच्चों की सुरक्षा खतरे में ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन
- ग्रामीणों के अनुसार, मिडिल स्कूल के तीन आरसीसी कमरों की छत अत्यंत

**कपासन** । कपासन की ग्राम पंचायत छापरी के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल जीतिया में तीन कमरों की छत जर्जर हालत में है। सोमवार को बडी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पहुंचे और कमरों की मरम्मत एवं नए कमरों के निर्माण की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार, मिडिल स्कूल के तीन आरसीसी कमरों की छत अत्यंत क्षतिग्रस्त हो गई है। लेंटर फट गए हैं और झुक गए हैं। कमरों में पानी टपक रहा है। प्लास्टर गिर चुका है और सरिये बाहर निकल आए हैं। इस स्थिति में कभी भी बडा हादसा हो सकता है।

विद्यालय में 6 अन्य कमरे पट्टियों से निर्मित हैं। उनकी छत से भी पानी टपक रहा है। विद्यालय में लगभग 140 विद्यार्थी नामांकित हैं। कमरों के अभाव में शिक्षण व्यवस्था सही तरीके से नहीं चल पा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को भी इस समस्या से अवगत कराया था। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। विद्यालय की चारदीवारी के पास खेल मैदान के लिए 4 बीघा भूमि आवंटित है। लेकिन उस पर अतिक्रमण है। ग्रामीणों ने इसे हटाने की मांग भी की है।

सूचना मिलने पर तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर विद्यालय संबंधी समस्याओं का शीघ्र निपटारा करने की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सांसद सीपी जोशी और विधायक अर्जुनलाल जीनगर को भी पत्र लिखकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस अवसर पर छापरी सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल भील, प्रेमपुरी गोस्वामी, प्रकाशचंद्र शर्मा, ऊंकार जाट, प्रकाश जैन, गोवर्धनपुरी, कैलाश नायक, शांतिलाल जाट, सत्यनारायण शर्मा, सुरेश गाडरी, किरण नायक, उदयराम लौहार, राजू रावल, जगदीश जाट, रोशनलाल सहित बडी संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

# कांग्रेस एससी विभाग का राज्य-स्तरीय सम्मेलन

**राजसमन्द,** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के राजस्थान में पहली बार आगमन पर जयपुर में एक राज्य-स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें राजसमंद कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड के नेतृत्व में जिला सचिव नारायण पडियार, अर्जुनलाल पटवाल, सुरेशचंद्र सालवी, रामलाल बलाई, ईश्वरचंद्र सालवी, भगवतीदेवी सालवी, बाबूलाल, जगदीश सालवी, खुमान देवडा और कई कार्यकर्ताओं ने भी जयपुर पहुंचकर इस सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम से मुलाकात उनका इकलई और पगडी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में देश में संविधान को मिटाने की बन रही परिस्थितियों और तानाशाही शासन पर चिंता व्यक्त की। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि एससी विभाग इन परिस्थितियों के विरोध में मजबूती से खडा है। उन्होंने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों से आ ान किया कि वे अपने क्षेत्र में दलित विरोधी गतिविधियों का पुरजोर विरोध करें और राज्य में बढती गुंडागर्दी और बजरी माफिया के खिलाफ डटकर मुकाबला करें। गौतम ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है और दलितों पर बढते अत्याचारों का जनता जवाब देगी।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः F.6 ( )ACQ/Gen/2025/284 **आम सूचना** दिनांक :- 28/07/2025

प्राधिकरण की साउथ एक्सटेशन स्कीम सेक्टर "डी" मे आने वाली राजस्व ग्राम तितरडी 2705 से 2708, 3241/2750 की भूमि अवाप्त कर प्रभावित खातेदारो को भूमि के बदले 20 प्रतिशत आवासीय व 5 प्रतिशत व्यवसायिक भूखण्ड आवंटित किये गये है, उक्त योजना के प्रभावित खातेदारो द्वारा आवंटन करने हेतु आवेदन निवेदन किया गया हैः-

| क्र. सं. | राजस्व ग्राम/ खसरा नम्बर | भूखण्ड सं आवासीय / व्यवसायिक | क्षेत्रफल (वर्ग फिट में) | सेक्टर | आवेदनकर्ता | खातेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तितरडी 2705, 2706, 2707, 2708, 3241/ 2750 | 360<br>S-184 | 450<br>110 | A<br>D | श्री आर.डी. कोहली पिता श्री पृथ्वीराज कोहली मुख्तियार आम नामा श्री हनीफ खान पिता श्री अल्लाहबक्ष | श्री आर.डी. कोहली पिता श्री पृथ्वीराज कोहली |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्डो का आवंटन पत्र जारी करने के संबंध मे किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अन्दर इस कार्यालय मे स्वंय उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एंव संबधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(बिन्दु बाला राजावत) भूमि अवाप्ति अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर


## कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण

**राजसमन्द,** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के अंत्योदय के विचारों को समाहित करते हुए आशान्वित जिला और आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की शुरुआत की। इससे अंतिम पायदान के व्यक्ति को राहत प्रदान की जा रही है और विकसित भारत, विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समावेशन को संस्थागत रूप देने और सुशासन को कार्यसंस्कृति का सबसे प्रमुख हिस्सा बनाने पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शर्मा सोमवार को एचसीएम रीपा में राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह का राजसमंद कलेक्ट्रेट सभागार में सीधा प्रसारण हुआ। इस दौरान कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# प्रो. सोडानी का अभिनन्दन और विदाई

- प्रो सारस्वत को वीएमओयू के कुलगुरू का अतिरिक्त प्रभार

**कोटा।** जाने-माने शिक्षाविद और कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो भगवती प्रसाद सारस्वत को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलगुरू का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कुलाधिपति कार्यालय ने सोमवार दोपहर बाद इसके आदेश जारी किए। निवर्तमान कुलगुरू प्रो कैलाश सोडाणी का कार्यकाल सोमवार को पूरा हो गया और सोमवार शाम को ही उन्होंने अपना चार्ज प्रोफेसर सारस्वत को सौंपा। इससे पहले कुलगुरू सचिवालय में दिनभर काफी गहमा-गहमी रही। प्रोफेसर सोडाणी को सपरिवार विश्वविद्यालय के आचार्यों, अधिकारियों, कार्मिकों और विद्यार्थियों ने भावभीनी विदाई दी और फूलों की वर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ अभिनन्दन किया । इस मौके पर सभी की आंखें नम थीं। प्रोफेसर सोडाणी ने सभी का आभार जताया। कार्यभार देने के बाद प्रोफेसर सोडाणी और मैडम शकुंतला सोडाणी अपने गृह नगर उदयपुर रवाना हो गए। वीएमओयू के कुलगुरू का प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रोफेसर सारस्वत ने शिक्षकों के साथ गांधी भवन में बैठक की और सभी का परिचय जाना तथा विभिन्न अकादमिक क्रियाकलापों, प्रवेश और परीक्षा के बारे में जानकारियां लीं। गौरतलब हो कि प्रोफेसर सारस्वत ने बीती 7 जून को कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू का दायित्व ग्रहण किया था। विदित हो कि अकादमिक जगत में प्रोफेसर सारस्वत बहुत कडे फैसलों के लिए जाने जाते हैं। उनके पास एमडीएस विवि अजमेर का लंबा अकादमिक और प्रशासनिक अनुभव है। इस मौके पर वीएमओयू के अलावा कोटा विवि परिवार के शिक्षक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रो. सोढानी को विश्वविद्यालय के आचार्यों, अधिकारियों, कार्मिकों और विद्यार्थियों ने भावभीनी विदाई दी ।

## जिला कारागृह राजसमंद का निरीक्षण

- क्षमता से अधिक बंदी, व्यवस्थाएं संतोषजनक

**राजसमन्द,** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) राघवेन्द्र काछवालके निर्देशानुसार सोमवार को प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) भारत भूषण पाठक ने जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाठक ने कारागृह में भोजन साफ.-सफाई, आवास और सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। उन्हें बताया गया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 153 बंदी निरुद्ध थे, जो कि इसकी क्षमता से अधिक है। नवीन प्रवेशित बंदियों से बातचीत करने पर सभी ने बताया कि उनके मामलों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त हैं। निरीक्षण में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का नहीं पाया गया। कारागृह चिकित्सक ने जानकारी दी कि बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। पाठक ने सजायाफता बंदियों की भी जानकारी ली। बंदियों के मनोरंजन के लिए बैरकों में टेलीविजन लगे हुए पाए गए और सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी पूरी तरह क्रियाशील अवस्था में थे। बंदियों से सीधे संवाद करने पर उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या से इनकार किया और भोजन व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। जेल उपाधीक्षक हेमन्त सालवी ने पाठक को बताया कि नए बंदियों के लिए मुख्यालय द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इस बंदी आमुखीकरण अभियान के तहत बंदी जेल अनुशासन, सामान्य नियम, निःशुल्क विधिक सहायता, स्वच्छता और जेल से संबंधित अन्य समस्याओं को इस हेल्पलाइन पर बता सकते हैं।


**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/2557 **आम सूचना** दिनांकः- 8/7/2025

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान/वसीयत/हक त्याग/विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया हैः-

| क्र. सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 18-B (MUT No. 2064) | 900 | नैला खसरा नं. 1581 से 1586, 1592, 1593, 1598, 1599 | श्री इंद्रेश कुमार तोड़वाल पिता श्री कन्हैयालाल तंबोली निवासीः- तंबोली स्ट्रीट, मोती चौहट्टा, उदयपुर | श्रीमती सुधा पत्नी श्री कन्हैयालाल तंबोली का स्वर्गवास दिनांक 30-01-2018 को होने पर उनके वारिसानों दवारा किए गए पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 22-04-2025 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है। |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदकों के नाम पर जारी दिया जावेगा।

डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांकः उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/2582 **आम सूचना** दिनांकः- 28/7/2025

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान/वसीयत/हक त्याग/विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया हैः-

| क्र. सं. | भुखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 3 (MUT No. 3209) | 27517 | बीछड़ी खसरा नं. 565 से 582 | श्री नरेश पिता स्व. श्री मईला मीणा निवासीः- जगलावदा, पारसोला, प्रतापगढ़ | उक्त भूखंड का पट्टा श्री जगीया पिता गौतम मीणा 15/36 हि. (2) श्री नारिया पिता धारिया मीणा 7/36 हि. (3) श्री मगन पिता कानजी मीणा 7/36 हि (4) श्री मईला पिता नारंग मीणा 7/36 हि. के नाम न्यास द्वारा जारी किया गया। जिसके उपरांत श्री मईला पिता श्री नारंग मीणा 7/36 हि. का स्वर्गवास दिनांक 03-04-2023 को होने पर उनके वारिसानों द्वारा किए गए पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 11-07-2025 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है । |

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदकों के नाम पर जारी दिया जावेगा।

डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर